वर्ष-10 अंक-269 पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

प्रयागराज, गुरुवार 09 जनवरी 2025

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

नगर संस्करण

10

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

Download From

Adhunik Samachar

आधुनिक समाचार नेटर्वक

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई, आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर की छापेमारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जिन अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई है, उनमें बंगलूरू की परिवहन संयुक्त आयुक्त शोभा शामिल हैं। कर्नाटक लोकायुक्त ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ




सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की। जिन अधिकारियों के यहां छापेमारी की गई, उन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप लगे हैं। जिन अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई है, उनमें बंगलूरू की परिवहन संयुक्त आयुक्त शोभा शामिल हैं। इनके अलावा कदुर के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. एस एन उमेश, बसवकल्याण के लघु सिंचाई विभाग के निरीक्षक रवींद्र, खानपुर के तहसीलदार प्रकाश श्रीधर गायकवाड़, तुमकुरु के सेवानिवृत्त सड़क परिवहन अधिकारी एस राजू, गडग नगर पालिका के सहायक कार्यकारी अभियंता हुचेश उर्फ हुचप्पा, बल्लारी के पिछड़ा वर्ग विभाग के कल्याण अधिकारी आर एच लोकेश और रायचूर स्थित बीईएससीओएम कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता हुलिराजा शामिल हैं।

### असम ने 10 वर्षों में बुनियादी ढांचे में की तेज प्रगति

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 36 देशों के राजनयिकों, उद्योग जगत के नेताओं और अन्य हितधारकों के साथ गोलमेज चर्चा में मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, राज्य में एक लाख करोड़ रुपये की नई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं आ रही हैं। इनमें ब्रह्मपुत्र पर तीन और नए पुल, सिंगापुर सरकार की मदद से गुवाहाटी के आसपास एक सैटेलाइट शहर, गुवाहाटी से भूटान के गेलेफू तक रेलवे लाइन आदि शामिल हैं। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि असम राज्य पिछले 10 वर्षों में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है।

## राजनीतिक फायदे के लिए लगाए जा रहे आरोप', अन्ना विश्वविद्यालय मामले पर विधानसभा में बोले सीएम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सीएम स्टालिन ने कहा कि 'आरोपी को अगर गिरफ्तार नहीं किया जाता या आरोपी को बचाया



जाता तो सरकार पर आरोप लगाना सही था, लेकिन आरोपी को घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। तमिलनाडु में अन्ना विश्वविद्यालय में छात्रा से दुष्कर्म का मामला काफी गरमाया हुआ है। तमिलनाडु विधानसभा में भी विपक्ष इसे लेकर सरकार पर हमलावर है। बुधवार को इस मुद्दे पर सीएम स्टालिन ने विधानसभा में बयान दिया और विपक्ष पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने ये माना कि आरोपी डीएमके समर्थक है, लेकिन वह पार्टी का कार्यकर्ता नहीं है। विधानसभा अन्ना विश्वविद्यालय मामले पर बोलते हुए सीएम स्टालिन ने कहा कि 'विधानसभा के सदस्यों ने एक विश्वविद्यालय के नाम का जिक्र किया, लेकिन मैं विश्वविद्यालय का नाम लेकर उस नाम को बदनाम नहीं करना चाहता। किसी ने भी ऐसा नहीं सोचा था। छात्रा के साथ जो भी हुआ वह बहुत बुरा और निर्दयी था। सभी सदस्यों ने उस मुद्दे पर बोला और इस मामले को लेकर सरकार को बुरा दिखाने की कोशिश की, लेकिन सरकार पीड़िता के साथ खड़ी है। आरोपी को अगर गिरफ्तार नहीं किया जाता या आरोपी को बचाया जाता तो सरकार पर आरोप लगाना सही था, लेकिन आरोपी को घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। ऐसे में अब सरकार पर सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए आरोप लगाए जा रहे हैं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि आरोपी गणाशेखरन डीएमके का सदस्य नहीं है और सिर्फ पार्टी का समर्थक है।

## महिला की शारीरिक संरचना पर टिप्पणी को उत्पीड़न माना जाएगा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) के एक पूर्व कर्मचारी पर उसी कार्यालय की एक महिला कर्मचारी ने आरोप लगाए थे। महिला ने कहा था कि आरोपी पूर्व कर्मचारी ने 2013 से उसके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। केरल हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ए बदरुद्दीन ने कहा कि महिलाओं की शारीरिक संरचना पर टिप्पणी को यौन उत्पीड़न माना जाएगा। केरल हाईकोर्ट ने महिलाओं की शारीरिक संरचना पर टिप्पणी को यौन उत्पीड़न करार दिया है। केरल हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ए बदरुद्दीन ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि ऐसी टिप्पणी को यौन उत्पीड़न का अपराध मानते हुए कार्रवाई की जानी चाहिए। केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) के एक पूर्व कर्मचारी पर उसी कार्यालय की एक महिला कर्मचारी ने आरोप लगाए थे। महिला ने कहा था कि आरोपी पूर्व कर्मचारी ने 2013 से उसके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इसके बाद 2016-17 में आपत्तिजनक संदेश और वॉयस कॉल करना शुरू कर दिया। केएसईबी और पुलिस में शिकायत के बावजूद वह उसे आपत्तिजनक संदेश भेजता रहा।

## पीएम मोदी ने देश को 'चलता है' से 'होगा कैसे नहीं' की सोच में बदला', सम्मेलन में बोले जयशंकर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सम्मेलन का उद्घाटन ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और युवा और खेल मामलों के मंत्री मनसुख मंडाविया ने किया। 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन बुधवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में शुरू हो गया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन के दौरान देश और विदेश से पांच हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की शुरुआत युवा प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम से हुई। सम्मेलन का उद्घाटन ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और युवा और खेल मामलों के मंत्री मनसुख मंडाविया ने किया। इस दौरान 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को 'चलता है' से 'होगा कैसे नहीं' वाली सोच में बदल दिया है। विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के विकास में युवा पीढ़ी की अहम भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा पीढ़ी पर प्रभाव को



समझाते हुए विदेश मंत्री ने बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का उदाहरण दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि 'एक बार पीवी सिंधु ने बताया था कि पीएम मोदी युवाओं के लिए आदर्श क्यों हैं। उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी ने देश को 'चलता है' वाले रवैये से 'बदल सकता है' और फिर 'होगा कैसे नहीं' वाली सोच में बदल दिया है।' विदेश मंत्री ने कहा कि 'एआई, इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक, स्टार्टअप्स और खेलों से लेकर वैश्विक बदलाव में युवा पीढ़ी बड़े बदलाव ला रही है। खुद का विकास करना बेहद जटिल है, लेकिन जब हमें ये विश्वास है कि कुछ भी असंभव नहीं है तो इस सोच के चलते ये आसान हो गया है।' विदेश मंत्री ने प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के दौरान भारतीय डायस्पोरा के सदस्यों से भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने और प्रवासी भारतीयों की युवा पीढ़ी से नियमित अंतराल पर भारत आने की अपील की, ताकि उनका भारत से जुड़ाव हो सके। प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8-10 जनवरी तक भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों हासिल करने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों को प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित भी करेंगी। त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की मुख्य अतिथि हैं। वह सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करेंगी। इस सम्मेलन की थीम 'विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान' है। मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने कहा कि ओडिशा सरकार 50 देशों के प्रवासी भारतीयों के सामने राज्य की समृद्ध संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

## कांग्रेस ने 25 लाख रुपये के मुफ्त इलाज का किया वादा, लेकिन इस रणनीति से असमंजस में कार्यकर्ता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पार्टी ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दिल्ली लाकर एक और बड़ी घोषणा करवा दी। पार्टी की इस रणनीति से वह दिल्ली की चुनावी लड़ाई में मजबूत खिलाड़ी बनकर उभरती दिख रही है।कांग्रेस ने दिल्ली में बड़ी चुनावी वादा किया है। पार्टी ने कहा है कि दिल्ली में वह हर परिवार को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराएगी। पार्टी ने इसे 'जीवन रक्षा योजना' का नाम दिया है। राजस्थान में अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री रहते हुए इस तरह की योजना पेश की थी जो बहुत लोकप्रिय रही थी। कोरोना काल में लोगों का बेहतर इलाज कराने के लिए गहलोत सरकार ने 'भीलवाड़ा मॉडल' पेश किया था। अब उसी तर्ज पर कांग्रेस ने दिल्ली में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने का वादा किया गया है। इसे केजरीवाल-आतिशी सरकार के स्वास्थ्य मॉडल का बेहतर विकल्प बताया जा रहा है। इस योजना में लोगों के अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद घर पर स्वास्थ्य लाभ लेने के दौरान दवाओं का खर्च भी दिया




जाता है। कांग्रेस का वादा है कि सत्ता में आने पर वह इसी तरह की सुविधा दिल्ली में भी हर परिवार को उपलब्ध कराएगी।कांग्रेस ने पहले कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बुलाकर दिल्ली में महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का वादा किया था। इसे आम आदमी पार्टी के 2100 रुपये हर महीने देने के वादे का जवाब माना जा रहा था। आज पार्टी ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दिल्ली लाकर एक और बड़ी घोषणा करवा दी। पार्टी की इस रणनीति से वह दिल्ली की चुनावी लड़ाई में मजबूत खिलाड़ी बनकर उभरती दिख रही है। खुद अशोक गहलोत ने इस योजना की घोषणा करते हुए कहा कि यह योजना लोगों को बहुत पसंद आएगी क्योंकि यह उन्हें बड़ी सुरक्षा प्रदान करेगी। लेकिन कांग्रेस एक साथ दोहरी रणनीति अपना रही है। एक तरफ वह दिल्ली के मतदाताओं के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर वह उन्हें अपने पक्ष में मोड़ने में लगी है, वहीं पार्टी ने अघोषित तौर पर अरविंद केजरीवाल पर सीधे ज्यादा आक्रामक न होने की रणनीति अपना ली है। पार्टी के अंदरखाने इसे उसकी राष्ट्रीय राजनीतिक मजबूरी बताया जा रहा है। लेकिन दिल्ली के कार्यकर्ता ये कहने से गुरेज नहीं कर रहे हैं कि ऐसी स्थिति में दिल्ली में कांग्रेस को मजबूत करना असंभव हो जायेगा। कांग्रेस की इस मजबूरी का कारण क्या है?कांग्रेस ने जिस तरह अजय माकन को सामने लाकर केजरीवाल पर आक्रामक चुनाव अभियान शुरू किया था, उससे अचानक ही दिल्ली के गरियारों में यह चर्चा होने लगी थी कि कांग्रेस अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए बेचैन है। केजरीवाल को 'देशद्रोही' तक कह देने से अजय माकन और कांग्रेस के मजबूत इरादे साफ दिखाई दे रहे थे। लेकिन माना जा रहा है कि अचानक ही कांग्रेस ढीली पड़ गई।

## एक देश, एक चुनाव का संजय राउत ने किया विरोध; अजित पवार पर लगा एनसीपी शरद में दलबदल कराने का आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** संजय राउत ने कहा कि एक देश, एक चुनाव विधेयक से एक पार्टी, एक चुनाव और एक



नेता, एक चुनाव को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रतिद्वंद्वी राकांपा (शरद) में दलबदल कराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने एनसीपी शरद के नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल होने के बदले केंद्र में मंत्री पद देने का वादा किया है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक एक ही पार्टी और नेता के तहत एक समेकित राजनीतिक व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी पर दलबदल कराने की कोशिश कराने का आरोप लगाया है।एक देश एक चुनाव विधेयक पर संजय राउत ने कहा कि एक देश, एक चुनाव विधेयक से एक पार्टी, एक चुनाव और एक नेता, एक चुनाव को बढ़ावा मिलेगा। इसलिए हम सभी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्यों ने विधेयक का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव पर जेपीसी की बैठक में विपक्ष सक्रिय रूप से भाग लेगा। विधेयक जेपीसी को भेज दिया गया है। आज इसकी पहली बैठक हो रही है और हमारे सभी लोग उस बैठक में भाग लेंगे। एक देश एक चुनाव को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि जेपीसी का प्रयास विधेयक की निष्पक्ष जांच करना होगा। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि संसदीय पैनल इस मामले में प्रत्येक हितधारक की बात सुनेगा। आज पहले दिन सदस्यों को संबंधित मंत्रालय द्वारा जानकारी दी जाएगी। आगे कैसे बढ़ना है इस पर हम सबकी राय लेंगे। जेपीसी को एक देश एक चुनाव की जांच करनी है, जिसमें लोकसभा के सदस्यों में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और मनीष तिवारी, राकांपा-एसपी नेता सुप्रिया सुले, टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी और भाजपा के पीपी चौधरी बांसुरी स्वराज और अनुराग सिंह ठाकुर शामिल हैं। राज्यसभा के सदस्य भी इस पैनल का हिस्सा हैं। शिवसेना नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रतिद्वंद्वी राकांपा (शरद) में दलबदल कराने की कोशिश कर रही है।

## हमारी कोशिश आम सहमति बनाने की है', बोले जेपीसी अध्यक्ष पीपी चौधरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पीपी चौधरी ने बताया कि संबंधित मंत्रालय आज बैठक के पहले दिन सदस्यों को जानकारी देगा। उन्होंने कहा कि सबकी राय ली जाएगी कि आगे कैसे बढ़ा जाए की तरफ से पेश किए गए विधेयकों का निष्पक्ष तरीके से परीक्षण करेंगे। हमारा प्रयास आम सहमति तक पहुंचना होगा। मुझे विश्वास है कि हम देशहित के लिए काम करेंगे।पीपी चौधरी ने बताया कि संबंधित



भाजपा सांसद और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने एक देश एक चुनाव पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संसद के उन सदस्यों के बीच आम सहमति बनेगी जो जेपीसी का हिस्सा होंगे। भाजपा नेता ने कहा कि जेपीसी का प्रयास विधेयकों की ठनिष्पक्षठ तरीके से जांच करना होगा। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि संसदीय पैनल इस मामले में प्रत्येक हितधारक की बात सुनेगा। भाजपा नेता पीपी चौधरी ने कहा, ठहमारा प्रयास हर क्षेत्र के लोगों चाहे वह राजनीतिक दलों से हो या नागरिक समाज से हो या न्यायपालिका से सभी की बात सुनना होगा। हम सभी का इनपुट लेना चाहते हैं। हम सरकार मंत्रालय आज बैठक के पहले दिन सदस्यों को जानकारी देगा। उन्होंने कहा कि सबकी राय ली जाएगी कि आगे कैसे बढ़ा जाए। जेपीसी अध्यक्ष ने कहा, ठआज पहले दिन सदस्यों को संबंधित मंत्रालय द्वारा जानकारी दी जाएगी। आगे कैसे बढ़ना है इस पर हम सबकी राय लेंगे।ठ बता दें कि जेपीसी को एक देश एक चुनाव की जांच करनी है, जिसमें लोकसभा के सदस्य कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और मनीष तिवारी, राकांपा-एसपी नेता सुप्रिया सुले, टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी और भाजपा के पीपी चौधरी बांसुरी स्वराज और अनुराग सिंह ठाकुर शामिल हैं। राज्यसभा के सदस्य भी इस पैनल का हिस्सा हैं।

## दीमा हसाओ में कोयला खदान से निकला एक शव, आठ श्रमिक अब भी फंसे; सेना और एनडीआरएफ का बचाव अभियान तेज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो के तीन किलो क्षेत्र में कोयला खदान में सोमवार को 300 फीट गहरे खदान में अचानक पानी भर गया था। इस खदान में नौ



श्रमिक फंस गए थे। बुधवार सुबह सेना और एनडीआरएफ की टीमों ने बचाव अभियान के दौरान खदान से एक शव बरामद किया। खदान में अभी भी आठ श्रमिक फंसे हुए हैं। असम के पास दीमा हसाओ जिले में सोमवार को कोयला खदान में पानी भरने के बाद नौ श्रमिक फंस गए थे। बुधवार सुबह सेना और एनडीआरएफ की टीमों ने बचाव अभियान के दौरान खदान से एक शव बरामद किया। खदान में अभी भी आठ श्रमिक फंसे हुए हैं। इसके बाद सेना, असम राइफल्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों ने बचाव अभियान तेज कर दिया है। दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो के तीन किलो क्षेत्र में कोयला खदान में सोमवार को 300 फीट गहरे खदान में अचानक पानी भर गया था। इस खदान में नौ श्रमिक फंस गए थे। इसके बाद भारतीय सेना और स्थानीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने त्वरित और प्रभावी तरीके से बचाव अभियान की शुरुआत की। मंगलवार शाम को बचाव अभियान को रोक दिया गया था। बुधवार सुबह इसे फिर से शुरू किया गया। इसके बाद बचाव टीमों ने खदान से एक शव बरामद किया।सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि 21 पैरा गोताखोरों ने खदान से एक शव बरामद किया है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। वहीं एनडीआरएफ के कमांडेंट एन तिवारी ने बताया कि श्रमिकों को निकालने के लिए 24 घंटे काम चल रहा है। जल्द ही हम श्रमिकों तक पहुंच जाएंगे। अभी सेना की टीम यहां काम कर रही है। नौसैनिक भी यहां पहुंच गए हैं। वहीं खदान में काम करने वाले एक श्रमिक ने बताया कि मेरा भाई खदान में फंसा है। खदान में अचानक लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि पानी भर रहा है। 30-35 लोग बाहर आ गए और 15-16 लोग फंस गए।

## राज्यपाल बोस बोले- बीएसएफ सीमाओं पर है मुस्तैद, इसलिए हम सो पा रहे हैं चैन की नींद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बंगाल।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस ने सुरक्षाबलों की तारीफ करते हुए कहा कि बीएसएफ देश की सीमाओं की रक्षा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, इसलिए हम चैन की नींद सो पा रहे हैं।पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) न केवल देश की सीमाओं की रक्षा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, इसलिए हम चैन की नींद सो पा रहे हैं। इतना ही नहीं बीएसएफ सीमावर्ती समुदायों की सेवा में भी एक अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बीएसएफ की यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों में रह रहे लोगों की जरूरतों को समझने और उन्हें सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक प्रेरणादायक



उदाहरण है उन्होंने यह बात 118वीं वाहिनी की सीमा चौकी बांकरा में सीमावर्ती ग्रामीण समुदायों के लिए आयोजित एक मेडिकल कैंप, सिविक एक्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद कही। इस मौके पर बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के महानिरीक्षक (आईजी) आईपीएस मनिंदर पी.एस. पवार विशेष तौर पर मौजूद रहे। समारोह में में सैंडरबिल ग्राम पंचायत और आसपास के गांवों से लगभग 1000 ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों को स्टेशनरी, युवाओं को खेल सामग्री और जरूरतमंदों को कंबल व अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित कीं। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित मुफ्त चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक दवाइयां प्रदान की गईं। इस पहल का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य जरूरी सेवाएं उपलब्ध कराना था।कार्यक्रम में क्षेत्रीय मुख्यालय कोलकाता के डीआईजी, बीएसएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सरकार के स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी और अन्य गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।






## लायन बन्धुओं द्वारा भव्य स्वागत और अभिनन्दन किया गया



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज के लिए यह अत्यन्त हर्ष एवम गौरव की बात रही कि उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष लायन बबीता सिंह चौहान जी के आज प्रयागराज प्रथम आगमन पर प्रयागराज के सर्किट हाउस में प्रयागराज के लायन बन्धुओं द्वारा भव्य स्वागत और अभिनन्दन किया गया। उनके द्वारा कुछ परियोजनाओं जैसे उच्च न्यायालय में मोबाइल चार्जिंग बोर्ड आदि के लोकार्पण हेतु तथा चाय एवं कम्बल वितरण में प्रयागराज के लायन बन्धुओं द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें उपमण्डलाध्यक्ष प्रथम लायन डा अर्पण धर दुबे एवम उपमण्डलाध्यक्ष द्वितीय लायन उदय चन्दानी,लायन हिमांशु गुप्ता,लायन अनिल जायसवाल, लायन उमेश चन्द्र कक्कड़, लायन सतीश टण्डन, लायन बाल कृष्ण पाण्डेय, लायन नितिन यशार्थ, लायन राकेश मोहन बाला जी, लायन अनिल टण्डन, एवम समस्त रीज़न चेयरपर्सन तथा जोन चेयरपर्सन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## डाक्टर की लापरवाही से कटी बच्चे की ऊंगली, परिजनों के पूछने पर डाक्टर ने दी धमकी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** डाक्टरों को भगवान का का दर्जा दिया जाता है डाक्टर मरीजों के जान के साथ कर रहे खिलवा प्रयागराज के रामपुर के जायसवाल नगर में अभयराज क्रिटिकल केयर अस्पताल में डाक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कुछ दिन पहले एक तीन साल के बच्चे को अपने अस्पताल में एडमिट किया जिसमे परिजनों ने कहा की बच्चे की ऊंगली थोड़ा टेढ़ी है तो डाक्टर ने कहा की प्लास्टिक सर्जरी करा कर ठीक कर देगे परिजनों ने डाक्टर को पैसा दे दिया बच्चे का इलाज शुरू हुआ बच्चे के ऊंगली में पट्टी बाधा गया पट्टी बधने के एक सप्ताह बाद बच्चा लगातार रोता रहा परिजनों ने डाक्टर को जानकारी दी तब डाक्टर और टीम ने बच्चे को बुलाकर ड्रेसिंग किया तो बच्चे की ऊंगली पूरी तरह काली पड़ चुकी थी परिजनों ने कहा की बच्चे की ऊंगली काली पडी है डाक्टर ने कहा आप परेशान ना हो सब ठीक हो जाएगा परिजन चुप रहे एक सप्ताह बाद बच्चे की ऊंगली पूरी तरह सड़ चुकी थी परिजनों ने तुरत इलाहाबाद के एक बड़े नर्सिंग होम में ले गए वहां बच्चे की ऊंगली कटना पड़ा परिजनों ने बच्चे को लेकर पुनः रामपुर में पूर्व डाक्टर के पास ले गए परिजनों ने कहा की जो डाक्टर आपके यहाँ मेरे बच्चे का इलाज किया उनको बुलाओ पहले तो॑ ज् लोगों ने कहा की बच्चे की ऊंगली में कोई दिक्कत नहीं आएगी लेकिन आप लोगों की लापरवाही से मेरे बच्चे की ऊंगली कटवाना पड़ा इतना सुनते ही डाक्टर आग बबूला हो गया पीड़ित परिजनों को धमकी दी की अपने बच्चे को लेकर चले जाओ दूबारा यहां दिखना मत डाक्टर की धमकी से डरे सहमे परिजन चले गए इस मामले की शिकायत परिजनों ने स्थानीय थाने में किया लेकिन गरीब पीड़ित को न्याय अभी तक नहीं मिला परिजनों ने कहा की यह कोई नया मामला नहीं है इस अस्पताल में आए दिन मरीजों के साथ घटनाएं घटती रहती है इसके बाद भी जिला स्वास्थ्य प्रशासन गहरी नींद में सोया है प्रयागराज मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा की यह मामला मेरे संज्ञान में आया है हम इसकी जांच करा कर कार्यवाही करेगें



बच्चे का नाम अयांश उम्र 3, वर्ष
पिता का नाम अनिल कुमार प्रजापति
पता रामपुर करछना प्रयागराज

## यातायात जागरूकता सप्ताह आरंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आदर्श नागरिक बन कर ट्रैफिक नियमो का पालन करने की शपथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी/प्रयागराज।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौशल विकास का अध्ययन करने से छात्रों को विविध प्रकार के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है जो न किसी एक पेशे में बल्कि विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी मूल्यवान है - यातायात निरीक्षक पवन पांडे यातायात जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम आज यातायात निरीक्षक श्री पवन पांडे अभियान चलाया जिसमें लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र ने आयोजित किया सेमिनार में मुख्य रूप से भाग लिया तथा पांडे जी ट्रैफिक इंस्पेक्टर, मोहम्मद कौसर रोहित आदि लोग मौजूद रहे इसमे ट्रैफिक इंस्पेक्टर नियतायत नियम पालन करने की बात है मोहम्मद कौसर एडमिशन इंचार्ज एन आई टी सी ने बताया वह शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशिक्षण प्लेसमेंट से बहुत संतुष्ट हैं, उन्होंने घोषणा की कि एनआईटीसी प्रयागराज में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्रों में से एक है यहाँ गुरु शिष्य परम्परा का पालन होता है एवं छात्रों का सम्मान करते हुये कहा कि यह केंद्र के लिये गौरव की बात है केंद्र के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया।




## राजसी वैभव के साथ निकली तीनों अनी अखाड़ों की पेशवाई, भाला और तलवार रथों पर सवार रहे संत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** हाथ में भाला, तलवार, बर्छी, गुप्ती और गदा लेकर साधु संत करतब दिखाते हुए और जय श्री राम, हर-हर महादेव का नारा लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। सड़क के दोनों किनारों पर पेशवाई (नगर प्रवेश) को देखने के लिए भीड़ जमा रही। अखिल भारतीय वैष्णव के तीनों अनी अखाड़े की पेशवाई बुधवार को केपी ग्राउंड से रवाना हुई इस दौरान बड़ी संख्या में हाथी घोड़े ऊंट पर संत सवार होकर निकले। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पैमाने पर फोर्स लगा दी गई है। सिविल लाइन में मेडिकल चौराहे के बाद रूट डायवर्जन कर दिया गया है। अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही, श्री पंच दिगंबर और श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़े की पेशवाई निकाल गई। हाथ में भाला, तलवार, बर्छी, गुप्ती और गदा लेकर साधु संत करतब दिखाते हुए और जय श्री राम, हर-हर महादेव का नारा लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। सड़क के दोनों किनारों पर पेशवाई (नगर प्रवेश) को देखने के लिए भीड़ जमा रही। लोग अपने मोबाइल से वीडियो और फोटो बनाते रहे।



## बरेलवी इस्लामिक स्कॉलर के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु सिविल लाइंस थाना पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में दी तहरीर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ उच्च न्यायालय इलाहाबाद इकाई ने ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी इस्लामिक स्कॉलर के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु सिविल लाइंस थाना पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में दी तहरीर दिनांक 5.1.2025 को समय अपराह्न 1:00 बजे नवभारत समाचार चैनल पर खबर प्रकाशित की गई की ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी इस्लामिक स्कॉलर द्वारा बताया गया कि इलाहाबाद के निवासी सरताज के मुताबिक महाकुंभ 2025 का आयोजन गंगा नदी के तट पर वक्फ बोर्ड की 55 बीघा भूमि पर समियाना 10ूप् व अन्य प्रकार के निर्माण किए गए हैं मुस्लिम समाज बड़ा दिल दिखा कर आयोजन रोक नहीं रहा है वहीं पर निर्माणी अखाड़ा मुसलमान को महाकुंभ आयोजन में शामिल होने से रोक रहा है मुसलमान को वहां पर व्यवसाय नहीं करने दिया जा रहा है वहां पर मुसलमान का बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन कराया जाएगा शहाबुद्दीन मौलाना के उक्त बयान पर विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ उच्च न्यायालय इलाहाबाद इकाई ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की है और इसे धार्मिक उन्माद बताया है और कहा है कि शहाबुद्दीन बरेलवी के द्वारा यह बयान एक साजिश के तहत देकर एक धार्मिक उन्माद फैलाने व समाज को विखंडित करने का प्रयास किया जा रहा है। उनका यह वक्तव्य राष्ट्र विरोधी, समाज को तोड़ने की साजिश व झगड़ा करने का है जिससे सनातन धर्म की छवि को विश्व भर में धूमिल करके विदेशी ताकतों से मिलकर सामाजिक सौभाग्य बिगड़ना एवं राष्ट्र विरोधी व समाज विरोधी शक्तियों को प्रेषित कर देश को धार्मिक दंगों की आग मैं जलाने वाला है उनके द्वारा जानबूझकर एक साजिश के तहत बिना किसी दस्तावेज के निराधार आरोप लगाकर सनातन कार्यों एवं धर्म धार्मिक भावनाओं व आस्था को ठेस पहुंचाने व आहत करने वाला है जबकि प्रज्ञा की पावन भूमि पर यह कुंभ मेला प्राचीन काल से ही अनवरत रूप से लगता चला आ रहा है जिसका उल्लेख धर्म ग्रंथों एवं पुराणों में वर्णित है समय-समय पर विभिन्न विदेशी यात्रियों ने जैसे चंद्रगुप्त मौर्य के समय 302 ईसा पूर्व यूनानी यात्री मेगास्थनीज ने अपनी किताब इंडिका में इस मेले का वर्णन किया है इसी प्रकार चीनी यात्री फाह्यान ने 399 से 411 ईसा पूर्व अपने यात्रा वर्णन में कुंभ मेले का वर्णन किया है 606 हिस्सा से 647000 तक कुंभ मेले में आने एवं संपत्ति दान का वर्णन महाराजा हर्षवर्धन का भी मिलता है इस प्रकार या सिद्ध होता है कि यह भूमि इस्लाम के उदय होने से पहले की है और कुंभ मेले का आयोजन उससे पहले होता रहा है सिविल लाइंस थाने में विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर प्रथम सूचना पर दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जिसमें प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ उच्च न्यायालय के संयोजक अरविंद कुमार भारद्वाज विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ काशी प्रांत के सहसंयोजक बृजेश प्रताप सिंह विश्व हिंदू परिषद कानपुर के पालक जयराज सिंह तोमर काशी प्रांत के सहसंयोजक ओम प्रकाश सिंह उच्च न्यायालय के सहसंयोजक श्रीमती कविता तोमर एवं अखिलेश शुक्ला साथ ही विनय पाण्डेय, अमरेश तिवारी, वीरेंद्र सिंह राजभर, डी. एन. त्रिपाठी राजन शर्मा, शिव गोपाल सिंह, राम आधार, जितेंद्र पाल सिंह जादौन, हरबंस सिंह व विकास राय आदि रहे।




NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है




नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
ALL TYPE PRINTING SOLUTION Enjoy Publicity



प्रदेश आस/पास



भारत

## वाराणसी में वर्षों से बंद पड़े सिद्धिश्वर महादेव के मंदिर का खुला ताला, देखें- एक्सक्लूसिव तस्वीरें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी जिले के मदनपुरा में स्थित सिद्धिश्वर



महादेव के मंदिर का ताला खोल दिया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मंदिर की साफ- सफाई शुरू की गई। मदनपुरा में मिले सिद्धिश्वर महादेव मंदिर के कपाट को बुधवार को खुलवाया गया। यहां पर साफ- सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती रही। बता दें कि मंदिर खुलवाने के लिए 6 जनवरी को सनातन रक्षक दल के कार्यकर्ता और बंगाली महिलाओं ने शंखनाद किया था। महिलाओं ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा था कि जब कागज पर यह प्रमाणित हो चुका है कि इस मंदिर की जमीन नहीं बिकी है तो फिर मंदिर में पूजा शुरू करने की अनुमति दी जाए।बता दें कि मदनपुरा के गोल चबूतरा इलाके में स्थित मकान नंबर डी-31/65 के पास 17 दिसंबर को बंद मंदिर मिला था।सनातन रक्षा दल के कार्यकर्ता मंदिर में पूजा शुरू कराने पहुंचे थे, लेकिन प्रशासन ने स्वामित्व की जांच का हवाला देते हुए मामला शांत कर दिया।पिछले दिनों जिला प्रशासन ने दस्तावेज की जांच की, जिसमें यह पाया गया कि मंदिर एक सार्वजनिक स्थल है। मंदिर से सटे भवन को मुस्लिम परिवार को बेचा गया था। मंदिर का कपाट खुलते ही भक्तों ने हर- हर महादेव का जयकारा लगाया। अधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर का कपाट खुला। मौके पर एडीएम सिटी और डीसीपी काशी मौजूद रहे।बताया जा रहा है कि शिव मंदिर के अंदर से खंडित शिवलिंग मिला है। भगवान शिव का मंदिर कई वर्षो से बंद पड़ा था। मंदिर कई वर्षों से बंद पड़े रहने के चलते मिट्टी जम गया था। ऐसे में नगर निगम वाराणसी की टीम से सफाई कराई जा रही है।

## एक क्लिक पर जानें, देश-विदेश के टॉप 89 स्कॉलरशिप, डेटाबेस जारी; 10 पॉइंटर में पूरा विवरण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू के इंटरनेशनल एक्सचेंज स्टूडेंट



काउंसिल सर्विस ने डिजिटल पेज बनाया है। 10 पॉइंटर में स्कॉलरशिप का पूरा विवरण दिया गया है। आईआईटी बीएचयू के छात्र और छात्राओं ने मिलकर देश-विदेश के टॉप 89 फेलोशिप और स्कॉलरशिप को जानने और आवेदन का एक डेटाबेस जारी किया है। इससे आईआईटी बीएचयू, बीएचयू समेत अन्य विश्वविद्यालय के छात्रों को स्कॉलरशिप को एक ही क्लिक पर जानने का मौका मिलेगा। सबसे ज्यादा अमेरिका के 18 और कनाडा के 16 स्कॉलरशिप और फेलोशिप का विवरण व आवेदन का लिंक दिया गया है। आईआईटी बीएचयू के इंटरनेशनल एक्सचेंज स्टूडेंट काउंसिल सर्विस (एससीएस) की ओर से एमएस और पीएचडी स्कॉलरशिप डेटाबेस के नाम से डिजिटल पेज ही जारी किया गया है। इस पर किसी भी स्कॉलरशिप या फेलोशिप को जानने के लिए 10 प्वाइंटर दिए गए हैं। स्कॉलरशिप का नाम, योग्यता, सीटें, टाइमलाइन, स्पेशल कंडीशन, फंड और विश्वविद्यालय सब कुछ एक क्लिक पर जाना जा सकता है। इस पोर्टल को हर दिन अपडेट किया जाता है। इससे छात्र-छात्राओं को भी काफी राहत मिलेगी। सभी ने इसकी प्रशंसा की।

## पिता-पुत्र को गोली मार कर लूट में शामिल बदमाश गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी जिले में बुधवार को तड़के पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस



दौरान बदमाश ने पुलिस टीम को देखते ही फायरिंग झोंक दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश को गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। वाराणसी जिले में सर्राफा कारोबारी के कर्मचारी और उसके बेटे को गोली मारकर जेवरात लूटने वाले गिरोह का एक बदमाश बुधवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आपरेशन चक्रव्यूह के तहत जांच के दौरान बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगा। आशंका होने पर जब पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस और बदमाश के बीच चार राउंड फायरिंग हुई।लूटकांड के आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उसे लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी के कब्जे से एक बाइक और पिस्टल के साथ ही मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस उससे गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।बता दें कि थाना क्षेत्र के भीटी में अलसुबह पुलिस संदिग्ध लोगों की जांच कर रही थी। पुलिस की टीम को देखकर बाइक सवार बदमाश पुलिस पर फायर झोंक दिया। जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। इसके बाद बाइक सवार बदमाश हाईवे की ओर भागने लगा। रामनगर इंस्पेक्टर समेत पुलिस टीम ने भाग रहे बदमाश का पीछा करते हुए घेराबंदी की। बदमाश ने फिर फायर करना शुरू कर दिया, जवाब में पुलिस टीम ने भी बदमाश पर फायरिंग की। एक गोली उसके पैर में लगी और बाइक समेत गिर पड़ा। वह बाइक में फंसने के चलते भाग नहीं सका। पुलिस टीम ने घेरकर उसे दबोच लिया। बदमाश की पहचान चंदौली निवासी मुकुल शर्मा के रूप में हुई। इस पर बनारस और चंदौली में पहले भी कई केस दर्ज हैं।जांच में पता चला कि आरोपी मुकुल शर्मा विगत दिनों कमच्छा पर पिता-पुत्र को गोली मारकर हुई लूट की घटना में शामिल था।

## तीन कारोबारियों के खिलाफ पहली बार गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी जिले में पहली बार चीनी मांझा को लेकर बड़ी कार्रवाई हुई है। तीन कारोबारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। वाराणसी के चेतगंज थाने की पुलिस ने मंगलवार को चीनी मांझा बेचने के तीन आरोपियों जितेंद्र कुशवाहा व कुंदन कुशवाहा और मोहम्मद आजम के खिलाफ हत्या के प्रयास और गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जितेंद्र व कुंदन सगे भाई हैं। पुलिस के मुताबिक, वाराणसी में चीनी मांझे से गला कटने और मौत के मामले में ऐसा मुकदमा पहली बार दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी चीनी मांझे के बड़े कारोबारी हैं। चौकाघाट फ्लाईओवर पर चीनी मांझे की चपेट में आने से 31 दिसंबर को विवेक शर्मा (25) की मौत हो गई थी। इससे पहले 29 दिसंबर को चंदौली के अलीनगर थाना क्षेत्र के मवैया खुर्द गांव निवासी सुजीत कुमार (43) का गला कट गया था। वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अस्पताल में भर्ती थे। डिस्चार्ज होकर आए सुजीत ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। सुजीत ने तहरीर में विवेक शर्मा



की मौत का जिक्र भी किया है। इसलिए चेतगंज थाने की पुलिस ने इसी केस के साथ ही विवेक शर्मा की मौत को भी जोड़ दिया है। मामले में पुलिस ने हरि नगर कॉलोनी चंदुआ छित्तूपुर निवासी सगे भाई जितेंद्र कुशवाहा व कुंदन कुशवाहा और माताकुंड लल्लापुरा के मोहम्मद आजम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस अन्य कारोबारियों की तलाश कर रही है। चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के मवैया खुर्द गांव निवासी सुजीत कुमार ने बताया कि वह गत 29 दिसंबर को वाराणसी आए थे।

# वाराणसी में रात जैसा ही रहा दिन का मौसम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** यूपी में ठंड का कहर जारी है। वाराणसी में कोल्डवेव जनजीवन पर सितम ढा रहा है। इस कारण बुजुर्ग और बच्चे बाहर कम निकल रहे हैं। सुबह-शाम को भी हवा चलती रही। इस कारण ठंड से किसी तरह की राहत नहीं मिली। बर्फीली हवाओं (कोल्डवेव) ने लोगों को कंपा दिया। दिन भर बादल छाए रहे और हवाएं भी 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। ये कोल्डवेव का ही असर रहा कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में महज 2.3 डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा। ऐसा दस साल में पहली बार हुआ जब अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच इतना कम अंतर दर्ज किया गया। बीते मंगलवार को अधिकतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि औसत से 5.8 कम रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस वजह से रात जैसी ही कंपकंपाती ठंड दिन में भी लोगों को महसूस हुई। मौसम विभाग की ओर से तीन दिन शीतलहर चलने की आशंका जताई गई है। बीते मंगलवार को सुबह से ही नम हवाएं करीब 15 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती रहीं। इस वजह से लोग ठंड से ठिठुर गए। सामान्य दिनों में



जहां घाटों पर दिन में भी चहल-पहल दिखती है, वहां सन्नाटा रहा। शाम को भी हवा चलती रही। इस कारण ठंड से किसी तरह की राहत नहीं मिली। तीन दिन तक कोल्डवेव के आसार बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रो. राजीव भाटला का कहना है कि पहाड़ों पर खूब बर्फबारी हो रही है। इस वजह से मंगलवार को दिनभर शीतलहर चलती रही। धूप भी नहीं निकली। पछुआ हवाओं में नमी भी बढ़ गई है। अभी तीन दिन तक कोल्डवेव के आसार हैं। हवा का रुख पछुआ से अगर पुरवा हुआ तो मौसम फिर बदल सकता है। बूंदाबांदी की संभावना है। चौथे दिन भी 10 घंटे देरी से पहुंची नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत कोहरे की वजह से मंगलवार को चौथे दिन भी नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत 10 घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची। जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस तीन घंटे, इंदौर-पटना एक घंटे, विशाखापत्तनम गोरखपुर फेयर स्पेशल साढ़े तीन घंटे, पटना-वाराणसी मेमू तीन घंटे, नई दिल्ली-बनारस काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस साढ़े सात घंटे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, जनता एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे लेट रही।वहीं, बरकाकाना वाराणसी स्पेशल एक्सप्रेस पांच घंटे, पंजाब मेल साढ़े तीन घंटे, सारनाथ एक्सप्रेस तीन घंटे, कामायनी एक्सप्रेस दो घंटे, प्रयागराज संगम गाजीपुर सिटी तीन घंटे, गोरखपुर दादर स्पेशल दो घंटे, नीलांचल एक्सप्रेस ढाई घंटे विलंब से पहुंची। इसी तरह दून एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, स्वतंत्रता सेनानी साढ़े तीन घंटे, द्वारिका एक्सप्रेस एक घंटे, जोधपुर-वाराणसी सिटी एक घंटे, विभूति एक्सप्रेस दो घंटे, फरक्का एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, दानापुर-आनंद विहार जनसाधारण डेढ़ घंटे, बनारस ग्वालियर बुंदेलखंड एक्सप्रेस दो घंटे, ग्वालियर बनारस बुंदेलखंड एक्सप्रेस साढ़े आठ घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची।

## एक हफ्तों से जला ट्रांसफार्मर शिकायत करने के बाद बदला नहीं गया, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** टांडाकला क्षेत्र के महमदपुर जमालपुर में जले ट्रांसफार्मर को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अपनी मांग रखी और आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। टांडाकला क्षेत्र के महमदपुर जमालपुर गांव सभा में लगे 63 केवी का ट्रांसफार्मर एक हफ्तों से जल गया है। ग्रामीणों के कंप्लेंट करने के बाद भी जले ट्रांसफार्मर को बदला नहीं गया। विद्युत विभाग के लापरवाही के कारण किसानों की गेहूं के फसल के साथ-साथ अन्य फसल भी खराब होने का डर लगा है। बिजली नहीं आने से पीने के पानी से लेकर कई अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



जिससे नाराज संदीप यादव विकास यादव मुलायम यादव संतोष यादव भूलन यादव अजीत यादव हरिओम यादव सेवानंद यादव अशोक यादव राम लखन यादव राम सिंह यादव राहुल यादव आदि ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी को अवगत कराया कि जल्द से जल्द जले हुए ट्रांसफार्मर को बदल जाए। नहीं तो हम लोग और भी उग्र रूप ले सकते हैं। इसके जिम्मेदार आप खुद होंगे।



# बॉलीवुड/टेली मसाला

## तृप्ति डिमरी हो गईं 'आशिकी 3' से बाहर अब कार्तिक आर्यन के साथ दिखेगा किस अभिनेत्री का रोमांस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आशिकी फिल्म के सीक्वल 'आशिकी 3' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच खबरें आ रही हैं कि तृप्ति डिमरी अब इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी की 'आशिकी 3' लगातार पीछे होती जा रही है। फिल्म के निर्देशक अनुराग बसु कार्तिक आर्यन के साथ एक नई लव स्टोरी पर काम कर रहे हैं। इस बीच खबर आई है कि तृप्ति डिमरी फिल्म 'आशिकी 3' से बाहर हो गई हैं। मिड डे की रिपोर्ट की मानें तो तृप्ति डिमरी के इस प्रोजेक्ट में आने के बाद फिल्म को रोक दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक तृप्ति डिमरी आशिकी 3 का हिस्सा नहीं होंगी। वहीं, अनुराग बसु अब नई जोड़ी की इस फिल्म में दिखाने वाले हैं। तृप्ति डिमरी इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित थीं, हालांकि अब ऐसा नहीं होने वाला है। कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म में कोई नया चेहरा नजर आ सकता है। तृप्ति डिमरी की फिल्म आशिकी 3 इन दिनों विवादों में घिरी है। फिल्म को डिमरी ने पिछले साल फिल्म के लिए कुछ दिनों की शूटिंग की थी। यह एक मुहूर्त शॉट होना था। डिमरी के जाने के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इस फिल्म में भूषण कुमार और मुकेश भट्ट द्वारा निर्मित किया जाना था, लेकिन निर्माताओं के बीच झगड़े के बाद यह चर्चा आगे नहीं बढ़ पाई। खबरों की मानें तो तृप्ति डिमरी और कार्तिक आर्यन के साथ जनवरी महीने के अंत में या फरवरी के पहले सप्ताह में मुंबई में शुरू होगी। तृप्ति डिमरी के बाहर होने के बाद मुख्य अभिनेत्री की भूमिका के लिए कास्टिंग प्रक्रिया चल रही है। 2013 में रिलीज़ हुई आशिकी की दूसरे सीक्वल में श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी को देखा गया था।



## एनिमल' से अपनी फिल्म 'किल' की तुलना पर फिर बोलीं प्रोड्यूसर गुनीत, वॉयलेंस को लेकर नजरिया बताया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लगभग दो साल पहले बॉलीवुड में दो एक्शन फिल्में 'एनिमल' और 'किल' रिलीज हुईं। दोनों में ही वॉयलेंस दिखाया गया, ऐसे में दोनों की खूब तुलना हुई। हाल ही में फिल्म 'किल' की प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने साफ किया कि उनकी फिल्म 'किल' का गुनीत मोंगा ने अपना पक्ष रखा था। हाल ही में एक इंटरव्यू में गुनीत मोंगा ने दोबारा इस सब्जेक्ट पर बात की। साथ ही अपनी फिल्म 'किल' और 'एनिमल' में बहुत बड़ा फर्क बता दिया। हाल ही में प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने फेय डिसूजा के यूट्यूब चैनल पर एक इंटरव्यू दिया। इस बातचीत रूप है।'प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा आगे कहती हैं, 'मुझे महिलाओं को एक ऑब्जेक्ट के तौर पर देखा पसंद नहीं है। मुझे यह पसंद नहीं है कि फिल्मों में महिलाओं के लिए नफरत दिखाई जाए।' फिल्म 'एनिमल' पर यही आरोप लगे थे कि उसमें महिलाओं को कमतर दिखाया गया है,



वॉयलेंस, फिल्म 'एनिमल' से काफी अलग है। गुनीत मोंगा ने बतौर प्रोड्यूसर कई बेहतरीन फिल्में अब तक बॉलीवुड में बनाई हैं। साल 2023 में उनके प्रोडक्शन तले एक फिल्म 'किल' रिलीज हुई। इस फिल्म के एक्शन को देश ही नहीं विदेश में भी सराहा गया। उसी साल रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' भी रिलीज हुईं। दोनों एक्शन फिल्में थीं तो इनकी आपस में तुलना हुई। तब भी प्रोड्यूसर में गुनीत ने बताया कि उन्होंने अपनी फिल्म 'किल' में बहुत कम ही जगह पर हिंसा या वॉयलेंस को दिखाया है। वह कहती हैं कि फिल्म 'किल' में हीरो बुरे लोगों से लड़ता है। गुनीत कहती हैं, 'हमने खून वाले सीं‍स को अपनी फिल्म में ग्लोरीफाई नहीं किया है। हमने स्लो मोशन में खून वाले सीन नहीं दिखाए। हमने वॉयलेंस को सेलिब्रेट नहीं किया। हमारे लिए फिल्म 'किल' आर्ट का ही उनका अपमान किया गया है जहां तक गुनीत मोंगा की फिल्म 'किल' की बात है तो उसमें हीरो का सामना ट्रेन में मौजूद कुछ लुटेरों से होता है। ये लोग, उसकी प्रेमिका को मार देते हैं। इसके बाद ट्रेन में फाइट सीं‍स दिखाए जाते हैं। हीरो क्योंकि आर्मी ऑफिसर है तो वह लुटेरों की सारी टोली को मार देता है। फिल्म में लीड रोल में लक्ष्य नजर आए, जिन्होंने अमृत राठौर का रोल निभाया।

## सलीम खान का सलमान की शादी को लेकर खुलासा, दबंग चाहते हैं कि उनकी पत्नी ऐसी हो जो

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सलमान खान बॉलीवुड के मोस्ट एलिजिबल बैचलर है। पूरा बॉलीवुड ही नहीं बल्कि हर कोई दबंग की शादी की खबर सुनने के लिए बेकरार है। हाल ही में एक इंटरव्यू में सलीम खान ने सलमान खान की शादी को लेकर चुका है, जिसमें कैटरीना कैफ से लेकर सोमी अली और संगीता बिजलानी जैसी अभिनेत्रियां शामिल हैं। सलमान ने हाल ही में अपना 59वां जन्मदिन मनाया है और वह अभी तक सिंगल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान सलमान के पिता सलीम खान ने दबंग



कुछ ऐसे राज खोले, जिन्हें सुनकर आप भी हैरान हो जाएंगे। सलमान खान पिछले कई सालों से बॉलीवुड पर राज कर रहे हैं। हालांकि, उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स के अलावा, फैंस उनकी लव लाइफ को लेकर भी उतने ही उत्सुक हैं। खास तौर पर दबंग के प्रशंसकये जानने के लिए उत्सुक रहते हैं कि सलमान कब और किससे शादी करेंगे। हाल ही में सलमान के पिता सलीम खान ने खुलाया किया की सलमान जब भी शादी करेंगे उनकी कुछ शर्तें होंगी। जब भी सलमान खान शादी के बंधन में बंधेंगे। उनकी अपनी पत्नी से कुछ खास शर्तें होंगी। वैसे कथित तौर पर सलमान का नाम बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों संग कई बार जुड़ की शादी को लेकर कहा, ठसलमान का पता नहीं क्या है...सलमान की एक तो इस वजह से शादी नहीं होती है कि थोड़ा सा विरोधाभास है। वह कमीटमेंट के बाद अपनी शर्तें रख दते हैं।आगे सलीम खान ने सलमान खान की शादी को लेकर कहा, ठसलमान का लगाओ या मोहब्बत... उस व्यक्ति की ओर आकर्षित होते हैं, जिसके साथ वह काम करते हैं। पहले कमा करते-करते बातचीत होती, फर वह लोग करीब आते हैं क्योंकि वो नजदीकी माहौल में रहते हैं। तो 90 प्रतिशत तो वह सलमान की फिल्म की ही कोई हीरोइन होती है। सलीम खान ने आगे बताया कि जब कमिटमेंट हो जाता है।

## शाहरुख खान के साथ काम करना अब पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है', फराह खान का खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान ने हाल ही में शाहरुख खान के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया



है। उनका कहना है कि किंग खान के साथ काम करना अब काफी चैलेंजिंग हो गया है। मशहूर कोरियोग्राफर और निर्माता-निर्देशक फराह खान ने इंडस्ट्री के टॉप कलाकारों के साथ काम किया है। इस लिस्ट में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान भी शामिल हैं। हाल ही में फराह खान ने शाहरुख के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। साथ ही यह खुलासा किया कि ऐंख् के साथ काम कर पाना अब उनके लिए पहले के मुकाबले काफी मुश्किल हो चला है। जानते हैं इसकी वजह। फराह खान ने कहा कि जब भी वे किसी नए गाने पर साथ काम करते हैं तो हर बार प्रेशर दोहरा हो जाता है। फराह ने कहा कि साथ काम करते हुए कुछ शानदार ट्रैक तैयार हुए, इसके चलते अब जब भी साथ काम करते हैं तो पहले से ज्यादा दबाव बढ़ जाता है। फराह खान ने ईटाइम्स से बातचीत में यह खुलासा किया। फराह खान ने लंबे वक्त से चल रही अपनी दोस्ती को लेकर भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने बताया कि कुछ सितारों से उनकी दोस्ती उनके स्टार बनने से पहले की हैं। फराह ने बताया कि शाहरुख खान के साथ उनकी दोस्ती 'कभी हां कभी ना' और 'दीवाना' की रिलीज होने से पहले ही शुरू हो गई थी। फराह खान ने कहा कि दशकों पुरानी दोस्ती होने के बावजूद शाहरुख खान के साथ काम करना अब समय के साथ मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा, 'अगर उस समय उनके साथ काम करना मुश्किल था, तो अब और भी मुश्किल है। जब भी हम किसी गाने पर काम करते हैं, तो दबाव दोगुना हो जाता है, क्योंकि हमने साथ मिलकर शानदार गाने बनाए हैं'। फराह ने यह भी कहा कि 'हैप्पी न्यू ईयर' के बाद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स की कमी के चलते उन्होंने निर्देशन से ब्रेक लिया। फराह खान ने कहा कि ब्रेक के बाद उन्होंने अपने परिवार पर पूरा फोकस किया। अपने बच्चों के साथ क्वालिटी वक्त बिताया और छुट्टियां मनाईं। उन्होंने यह भी कहा कि निर्देशन में वापसी की उनकी इच्छा है, लेकिन वे कमबैक तभी करेंगी जब कोई अच्छी स्क्रिप्ट होगी और सही समय होगा। बता दें कि फराह खान ने फिल्म 'मैं हूं ना' से निर्देशन की दुनिया में डेब्यू किया। फराह ने शाहरुख खान के 'चलेया, 'दर्द-ए-डिस्को जैसे गानों को कोरियोग्राफ किया है।

## एंटीक फूलदान से लेकर 25 साल पुराने काफ्तान तक, जीनत अमान ने नए साल पर साझा की अपनी पसंदीदा चीजें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेत्री जीनत अमान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी मां और बचपन से जुड़ी कुछ चीजों के बारे में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बातें की हैं। उन्होंने बताया कि ये चीजें उनके दिल के बेहद करीब हैं। जीनत अमान ने सोशल मीडिया पर अपनी पसंद है, और मेरे पास हर आकार के हूप इयररिंग्स हैं। मैं दिल से 70 के दशक की लड़की हूं? मुझे रोजाना हल्का स्नान और बॉडी वर्क का स्प्रिट पसंद है, जबकि रात में जॉय बाय डायर पसंद है। उन्होंने कहा कि ये काफ्तान भी मेरे दिल के बेहद करीब हैं। उन्होंने कहा, मैं कई दशकों से उनके बनाए कफ्तान



कुछ चुनिंदा तस्वीरों के साथ नए साल पर अपनी कुछ खास चीजों की तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि ये वो चीजें हैं जो मेरे लिए खास हैं, उन्हीं के बारे में कुछ खास बातें हैं। जीनत अमान ने पूजा घर में सजाने वाला फूलदान साझा की है। उन्होंने कहा कि इस मूर्ति को उनकी मां की धार्मिका आस्था जुड़ी है, इसलिए उनके लिए ये बहुत खास है। इसके बाद उन्होंने फ्लॉवर पॉट की तस्वीर साझा की है। इसमें ऑर्किड के फूल लगे हैं। मुझे ऑर्किड खास तौर पर पसंद है, वे बहुत लंबे समय तक टिकते हैं और बहुत खूबसूरत होते हैं। उन्होंने लिखा, मुझे हूप बहुत पहनती आ रही हूं, और उनका बनाया मेरा सबसे पुराना काफ्तान तो 25 साल भी पुराना है। जीनत अमान ने अपने कुछ बैग्स की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। उन्होंने लिखा कि ये बैग पुराने हैं, ऐसा लग सकता है कि ये ऑनलाइन मंगाए गए हैं लेकिन ये बहुत सालों से मेरे पास है इनका इस्तेमाल आज भी मैं करती हूं। वर्कफ्रंट की बात करें तो जीनत अमान अपनी अगली फिल्म 'बन टिक्की' और 'द रॉयल्स' में नजर आ रही हैं। फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर 36वें पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में हुआ।

## शोक में डूबीं ब्रिटेन के शाही परिवार की छोटी बहू मेगन मार्कल, इस अजीज ने दुनिया को कहा अलविदा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के शाही परिवार की छोटी बहू व अभिनेत्री मेगन मार्कल शोक में डूबी हैं। उनके बेहद अजीज ने दुनिया को अलविदा कह अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने डॉग उल्ब् की तस्वीरें और वीडियो शामिल किए हैं। साथ ही एक लंबा नोट लिखा है। लोगों को उनके पालतू कुत्ते की भी साथ था। मैं मां बनी तो इस खुशी के पल में भी वह साथ रहा। तमाम खुशनुमा पल उसने हमारे साथ साझा किए'।मेगन ने आगे लिखा, 'मेरे यूके जाने से कुछ समय



दिया है। यह अजीज कोई और नहीं, बल्कि उनका पालतू कुत्ता उल्ब् है, जिसकी याद में मेगन ने दिल छू लेने वाला पोस्ट लिखा है।अभिनेत्री और डचेज ऑफ ससेक्स मेगन मार्कल के पालतू कुत्ते उल्ब् ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। मेगन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि की है। उन्होंने अपने पालतू कुत्ते के लिए एक इमोशनल पोस्ट साझा कर श्रद्धांजलि दी है। ब्रिटेन के शाही घराने की छोटी बहू ने बताया कि उल्ब् उनकी जिंदगी में शादी से लेकर सीरीज की शूटिंग तक के अहम और खुशहाल पलों में शामिल रहा। उसका जाना उनकी जिंदगी में एक खालीपन दे गया है। मेगन मार्कल ने अपने इंस्टाग्राम झलक मेगन के आगामी शो में दिखाई देगी, जिसका प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर होगा। मेगन ने पोस्ट में बताया कि उन्होंने साल 2015 में पालतू कुत्ते को कनाडा में एक रेस्क्यू से गोद लिया था। मेगन ने लिखा, 'वह केंटकी में एक किल शेल्टर में था और उसे जीने के लिए कुछ दिन दिए गए थे। मैंने उसे उठाया...और उससे प्यार हो गया। उसे सब 'लिटिल गाइ' कहते थे, क्योंकि वह बहुत छोटा और कमजोर था'। मेगन ने आगे लिखा, 'अगर आपने मुझे इंस्टाग्राम पर फॉलो किया है, तो आपने उसे बहुत बार मेरे साथ तस्वीरों और वीडियो में देखा होगा। वह सूट्स में मेरे साथ था। मेरी जब सगाई हुई और फिर शादी में पहले ही उसका भयानक एक्सीडेंट हुआ। इस वजह से कई महीनों तक सर्जरी करानी पड़ी और वह क्लिनिक से बाहर नहीं जा सका। डॉक्टरों ने कहा कि वह फिर कभी नहीं चल पाएगा, लेकिन डॉ. नोएल फिट्जपैट्रिक ने कहा कि वह चल सकता है। सभी डॉक्टरों ने उसका बहुत ख्याल रखा और प्यार दिया, मैं इसके लिए उनकी शुक्रगुजार हूं। आप सभी गाइ को मेरी नई सीरीज में देख सकेंगे'। मेगन ने लिखा है, 'बिना किसी शर्त इतना प्यार करने और हमारी जिंदगी में खुशियां देने के लिए शुक्रिया उल्ब'। बता दें कि मेगन का शो 'विद लव, मेघन' का प्रीमियर 15 जनवरी, 2025 से नेटफ्लिक्स पर होगा।

## जान ले लेगी ये इंडस्ट्री', मनोज बाजपेयी ने किया सुशांत सिंह राजपूत को चेतावनी देने का खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मनोज बाजपेयी ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के साथ अपने गहरे रिश्ते को साझा किया, जो सोनचिरैया में उनके सह-कलाकार भी थे।बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी ने हाल ही में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के साथ अपने रिश्ते पर चर्चा की। सुशांत ने जून 2020 में मुंबई के बांद्रा में अपने मोंट ब्लांक अपार्टमेंट में 34 साल की उम्र में आत्महत्या कर ली थी। मनोज बाजपेयी ने खुलासा किया कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत ने उन्हें बहुत प्रभावित किया, जिससे वह तीन महीने तक परेशान रहे हाल ही में मिड दे को दिए साक्षात्कार में मनोज बाजपेयी ने बताया कि सुशांत के इस तरह के कठोर कदम उठाने के पीछे के कारण अभी भी अज्ञात हैं और लोग उनकी मौत के बारे में केवल अनुमान लगा रहे हैं। उन्होंने कहा,' मैं कह सकता हूं कि वह पागल आदमी नहीं थे। वह बहुत सी चीजों में पारंगत थे। वह एक बहुत बड़े पाठक थे। मैंने उन्हें सेट पर और सेट के बाहर हर समय पढ़ते हुए पाया। उन्हें क्वांटम फिजिक्स का बहुत ज्ञान था। वह मुझसे अध्यात्म के बारे में बात करते थे और इसकी तुलना क्वांटम फिजिक्स से करते थे। वह एक शानदार दिमाग वाले व्यक्ति थे।' उन्होंने कहा कि मैं किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहता, क्योंकि मुझे नहीं पता कि उसके साथ क्या हुआ। यहां तक कि सीबीआई भी अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। मनोज ने आगे बताया कि सुशांत की मौत की खबर ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे वह तीन महीने तक दुखी रहे, क्योंकि वह राजपूत को व्यक्तिगत रूप से और करीब से जानते थे। उन्होंने कहा, 'जहां तक इंडस्ट्री की बात है। हम इंडस्ट्री और इसकी राजनीति के बारे में बातें करते थे। मैं हमेशा उनसे कहता था कि मोटी चमड़ी मत रखो तो यह जान मार देगी तुम्हारी। मेरी चमड़ी मोटी थी, क्योंकि मैंने कई बार रिजेक्शन का सामना किया है। यह मेरे जीवन का हिस्सा था, लेकिन मेरे कई दोस्तों की चमड़ी इतनी मोटी नहीं थी। वे मेरी तरह रिजेक्शन का सामना नहीं कर सकते थे।'



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।